# विक्रमोत्सव 2025 –इतिहास के मंच पर जीवंत हुआ सम्राट विक्रमादित्य का युग



**धार।** धार के विक्रम ज्ञान मंदिर में गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं धार जिला प्रशासन के सहयोग से भव्य आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य आकर्षण था त्रिकर्षि नाट्य संस्था, भोपाल द्वारा प्रस्तुत सम्राट विक्रमादित्य के युग पर आधारित भव्य नाट्य मंचन, जिसने उपस्थित जनसमूह को इतिहास की स्वर्णिम गाथा से जोड़ दिया।

**संस्कृति की धरोहर बनी नाट्य प्रस्तुति–** नाट्य मंचन की शुरुआत में वर्तमान समय के युवाओं के नववर्ष मनाने के तरीके और हमारी प्राचीन संस्कृति के बीच का अंतर दिखाया गया। इसके बाद मंच पर इतिहास की परतें खुलीं और दर्शकों को यह बताया गया कि विक्रम संवत का प्रारंभ क्यों और कैसे हुआ।20 से अधिक कलाकारों ने अपनी सजीव प्रस्तुति से ऐसा समां बाँधा कि दर्शकों को लगा जैसे वे स्वयं विक्रमादित्य के दरबार में उपस्थित हैं। हर दृश्य के साथ तालियों की गूंज बढ़ती गई, और मंच पर इतिहास जीवंत होता गया।

**गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरक संदेश–** कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सवित्री ठाकुर, धार विधायक नीना वर्मा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नीलेश भारती, चंचल पाटीदार,नगर पालिका अध्यक्ष नेहा बोड़ाने, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, सीईओ अभिषेक चौधरी,एसडीएम रोशनी पाटीदार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय कवि संदीप शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सवित्री ठाकुर ने कहा हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से हमें कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि पद सिर्फ प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। विधायक नीना वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह एक अद्भुत पहल है। इस आयोजन से हर पीढ़ी यह समझ सकी कि हम क्यों भारतीय नववर्ष मनाते हैं और विक्रम संवत की शुरुआत कैसे हुई। इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से हमारी जड़ों को मजबूती मिलती है।

**संस्कृति के पुनर्जागरण की नई पहल–** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा नाटक के माध्यम से निश्चित रूप से सभी को हमारा स्वर्णिम इतिहास जानने का अवसर मिला है। इससे विक्रम संवत के महत्व को व्यापक रूप से समझने का अवसर मिला।उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई में मां देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती को भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और इसमें सभी की भागीदारी अपेक्षित है। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती ठाकुर और विधायक नीना वर्मा ने एक बालिका को मंच पर बुलाकर मां सरस्वती का पूजन करवाया, जिससे बाल मन में भी संस्कृति के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हो।इस अवसर पर विक्रम संवत के इतिहास पर आधारित पुस्तक अतिथियों को भेंट की गई।

**भोपाल के संस्थान की उत्कृष्ट प्रस्तुति–** भोपाल के त्रिकर्षि नाट्य संस्था के कलाकारों ने जिस शैली, संवाद और अभिनय कौशल के साथ सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को मंच पर उतारा, उसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।नाटक में यह बताया गया कि वर्तमान समय में युवा किस तरह आधुनिक नववर्ष मनाते हैं, लेकिन हमारी प्राचीन संस्कृति और विरासत से अपरिचित रहते हैं। इसके बाद विक्रम संवत की ऐतिहासिक यात्रा को बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।मंच पर कलाकारों ने महाराजा विक्रमादित्य के शासन, न्यायप्रियता, नीति और त्याग को इतनी जीवंतता से निभाया कि दर्शकों को ऐसा अनुभव हुआ मानो वे स्वयं उस युग का हिस्सा बन गए हों।

**संस्कृति और इतिहास का भव्य संगम–** नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारी संस्कृति सिर्फ अतीत का गौरव नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी है। सम्राट विक्रमादित्य की गाथा ने हर दर्शक के हृदय में देश और संस्कृति के प्रति नई चेतना और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी प्रवीण शर्मा ने किया।

# सिंघाना में 'प्रकाश' अवैध धंधों पर छाया 'अंधेरा'

## ांबाज ऑफिसर, सिंघाना चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे की दबंग कार्य शैली से सट्टा माफियाओं में दहशत और अपराधियों पर अंकुश वारदातो पर लगा विराम.!!

सिंघाना (चेतन जिराती)। धार जिले के सभी जांबाज पुलिस ऑफिसर व सैनिक अपनी जान जोखिम में डालकर जनता को खतरे से आगाज कराके सुरक्षा में तत्पर होकर कार्य कर रहे है द्य वहीं धार जिले के थाना मनावर की सिंघाना चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे के द्वारा अपराधियों पर अंकुश लगता जा रहा है, क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है, इतना ही नहीं सिंघाना अंतर्गत क्षेत्र में पुलिस ने जुआ सट्टा पर्ची व अपराधों पर लगाम लगाने में कामयाबी हासिल की है।



पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जा रहा है द्य अपनी दबंग और निष्पक्ष छवि के लिए प्रकाश सरोदे ने जब से सिंघाना चौकी की कमान संभाली है, तब से क्षेत्र में अपराधियों में पुलिस का एक अलग ही डर व्याप्त है, अब अपराधियों एवं रेत माफियाओं, सट्टा माफिया में हड़कंप मचा है द्य चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे दिन रात क्षेत्र में पहुंचने से जनता में सुख शांति का माहौल बन गया है। सिंघाना चौकी क्षेत्र की जनता को चौकी प्रभारी और यहां अधीनस्थ स्टाफ से तालमेल बनाकर जनता की सुरक्षा कर रही हैं द्य अपराधी व सट्टा माफिया भी चिंतित और सदमे में है, क्षेत्र में सुरक्षा व शांति का माहौल है। जिससे पुलिस पर जनता का भरोसा ओर बढ़ता हुआ देखने को भी मिल रहा है। जांबाज ऑफिसर चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे की कार्यशैली से क्षेत्र में सुख और शांति है द्य सिंघाना चौकी को आदर्श थाना बनाने के प्रयास बड़ी तेजी से किए जा रहे है,

क्षेत्र में पूरी तरह से अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा रही है तो वही चिन्हित अपराधों का शिकंजा कसा जा रहा है द्य हाल ही कुछ दिनों पहले सिंघाना और मनावर जैन मंदिर के चौरो व चोरी का सामन जप्त करना एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई थी जिसमें दो आरोपियों को पकड़ लिया गया हे एवं अन्य आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी तेजी से किया जा रहे है, जल्द ही मुख चोर को पकड़ कर सलाखों के बीच डाल दिया जाएगा तो वहीं आगे कोई भी इस तरह की घटना ना घटे उसके लिए बंदोबस्त किया जा चुका है द्य वह अपराधों पर लगाम कसे हुए है, हालही में सिंघाना पुलिस को अवैध शराब वाहन पकड़ने में एक ओर सफलता मिली है जानकारी के अनुसार अर्टिका कार से बोल्ट बियर की 8 पेटीया के साथ दो आरोपी को अवैध शराब के साथ पकड़ा ओर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आगे भी उनके द्वारा ऐसे ही प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में अपराधों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा। सके उनका संकल्प है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन से चौकी को आदर्श चौकी के रूप में परिवर्तित करने के भरपूर सार्थक प्रयास किए जाएंगे द्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था में मुस्तैदी से पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई गई है।

# भाजपा कार्यालय पर हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर संगीतमय सुंदरकांड एवं भव्य आतिशबाजी की गई

## हिंदू नववर्ष पर प्रथम बार भाजपा कार्यालय पर आकर्षक लाईट सज्जा और संगीतमय सुंदरकांड

धार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व में किया गया था। हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ और महाआरती के पश्चात भव्य आतिशबाजी भी की गई। हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



श्री निलेश भारती ने इस अवसर पर कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति के अनुसार हमारा नववर्ष गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होता है और इस दिन को हम सभी को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। हिंदू नववर्ष एक नई उमंग और उत्साह का प्रतीक है और हमें इस अवसर पर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, किसान मोर्चा प्रदेश महामन्त्री दिलीप पटोदिया, डॉ शरद विजयवर्गीय, महेंद्र सिंह चाचू बना ममता जोशी जगदीश जाट संजय शर्मा मनीष प्रधान दीपक शर्मा देवकरण जाट अंकित भावसार लव प्रजापति ने खेड़ापति हनुमान की आरती में शामिल हुए।

**भाजपा कार्यालय हुआ भगवमय–** हिंदू नववर्ष के कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय को साज सज्जा कर भगवामय रूप में सजाया गया था आकर्षक लाइटिंग और नववर्ष सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था जहां पर महंत भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी भी ली। भगवामय वातावरण में श्री खेड़ापति हनुमान भक्त मंडल ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया समापन अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान जी की आकर्षक झाकी की महाआरती कर भव्य आतिशबाजी की गई आकर्षक आतिशबाजी से अमावस की काली रात भी रोशनी से रोशन हो गई। प्रवेश द्वार पर सभी को चंदन तिलक लगाकर और भगवा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा कालीचरण सोनवानिया दीपक बिड़कर मोहित तातेड़ राकेश दुर्गेश्वर सोनिया राठौर बादल मालवीय कारन पटेल समेत भाजपा नगर पदाधिकारी महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# गणगौर पर्व - भक्ति,श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास का संगम



**सिंघाना (चेतन जिराती)।** निमाड़ के प्रसिद्ध लोक पर्व गणगौर महापर्व की शुरुआत हो चुकी है, पूरे निमाड़ क्षेत्र में गणगौर पर्व उल्लास पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। निमाड़ के ग्राम सिंघाना के सिर्वी समाज सकल पंच व महिला मंडल के नेतृत्व में समाज की बालिका एवं महिलाओं द्वारा प्रतिदिन शाम को सिंघाना का हृदय स्तंभ झंडा चौक से आकर्षक फूलपाती का चल समारोह निकाला जा रहा है।

पर्व के अंतर्गत क्षत्रिय सिर्वी समाज की बालिकाओ और महिलाओ द्वारा पूरी श्रद्धाभक्ति व उत्साह से फूल पांतिया श्रंगारित कर झंडा चौक में लाई जा रही है। इसके बाद ढोल और ताशे की मंगल ध्वनि के बीच शोभायात्रा के रूप में ये पातियाँ मैं मार्केट से होते हुए आईजी नगरी सीरवी मोहल्ले तक लाई जाती हैं इस दौरान सिर पर कलश धारण किए हुए बालिकाएं जब श्रद्धा भाव से नगर भ्रमण करती हैं तो संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाता है। साथ ही साथ बालिका शिव गोरा का रूप धारण कर दूल्हा दुल्हन बनाकर चल समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई रहती है। ग्राम सिंघाना में गणगौर पर्व 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है जो 6 अप्रैल तक चलेगा जिसमें कई धार्मिक भाव एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम भी होंगे।

**शिव और गोरी की आराधना का मंगल उत्सव–** पर्व की मान्यता है कि जो कुंवारी कन्या गणगौर व्रत करती है उन्हें मनपसंद जीवनसाथी का वरदान प्राप्त होता है ईश्वर गौर यानी शिव पार्वती की पूजा का यह पावन पर्व आपसी स्नेह और एक दूसरे के साथ की कामना से जुड़ा हुआ है इसे शिव ओर गौरी की आराधना का मंगल उत्सव भी कहा जाता है वास्तव में गणगौर पूजन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा का दिन माना जाता है। खासकर सुहागिन महिलाएं सजधज कर आकर्षक श्रंगार व भक्तिपूर्वक माता की उपासना करती है वहीं पुरुष वर्ग आस्था,उत्साह और उमंग के साथ इस पर्व को धूमधाम से मानते है। गणगौर की पूजा में गाए जाने वाले लोकगीत झालरिया इस अनूठे पर्व की आत्मा है। गणगौर पर्व के अंतर्गत रात्रि के समय भी विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं श्रद्धालु महिलाओ द्वारा माता की बाड़ी के साथ ही आई माता मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर झालरिये गीत गाए जा रहे है इन गीतों के माध्यम से माता गौरी और भगवान शंकर की महिमा का गुणगान किया जा रहा है जिसके पश्चात विभिन्न प्रकार की प्रसादी जिनमे धानी,पतासे, बेर की प्रसादी श्रद्धालुओं के बीच वितरित की जा रही है। यह पर्व सौभाग्य,समृद्धि और मंगल कामना का प्रतीक माना जाता है। सम्पूर्ण आयोजन सिर्वी समाज सकल पंच व वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन मे होता है।

# नरगपालिका ने बचत का बजट किया पेश, विशेष सम्मेलन का आयोजन समपन्न हुआ

**अलीराजपुरः–** नगरपालिका परिषद अलीराजपुर मे परिषद की विशेष सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29.03.2025 को किया गया। जिसमें बजट के साथ-साथ नगर के कई महत्वपर्ण बिंदुओं पर सहमति बनाई गई। परिषद के द्वारा 88 करोड 88 लाख 39 हजार का अनुमानित आय एवं 88 करोड 63 लाख का अनुमानित व्यय का बजट पेश किया गया। नगर में मूलभूत सुविधाए जैसे सडक,नाली, प्रकाश, सफाई एवं जल प्रदाय, सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालय निर्माण कार्य आदि सुविधा उपलब्ध कराने एवं शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से निर्माण एवं अन्य कार्य कर नगर विकास हेतु प्रावधान रखा गया। जिस पर परिषद द्वारा एकमत होकर प्रस्ताव पारित किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने बताया की नगर के चौमुखी विकास के लिये परिषद प्रतिबद्ध है बिना भेद भाव के सम्पूर्ण नगर का विकास किया जाएगा। नगर में मुलभुत सूविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी वार्डो में मेरे द्वारा बिना भेद भाव के कार्य किया जा रहा है। श्रीमती पटेल ने बताया की नगर में साफ-सफाई उचित प्रकाश व्यवस्था एवं गर्मी को देखते हुए उचित पेयजल सुविधा का इंतजाम समय पर किया जाए, मेरे द्वारा समस्त कर्मचारीयों को निर्देशित किया गया है। साथ ही अमृत 2.0 योजनान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 18 तक समस्त वार्डो में नवीन पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है एवं नवीन फिल्टर प्लांट एवं 03 नवीन पानी की टंकियों का निर्माण भी अमृत 2.0 योजनान्तर्गत किया जा रहा है जिससे आने वाले समय में पानी की समस्याओं का समाधान हो सकेगा व नगर को समय पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। नगर के समस्त वार्डो में सी.सी रोड निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है पूर्व की तरह आगामी समय में भी नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य किये जाएगें। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्री साबिर बाबा, पार्षद श्रीमती सेकडी माधुसिंह, श्रीमती सुनिता सचिन राठौड, श्रीमती सीमा संतोष थेपडिया, श्रीमती फिरोजा मेहमुद, श्री आनंद सोलंकी, श्री राजु मोदी, श्रीमती प्रियंका दिलीप पटेल, श्री पुष्पराज पटेल, श्री राजेन्द्र शाह, श्रीमती निता रितेश राठौड, श्रीमती रोशनी अजहर चंदेरी, श्री विक्रम सेन, श्री समरथ राठोर, नपा सीएमओ कमल मुजाल्दा, उपयंत्री राजकुमार अहिरवार,श्री सुनिल कापडिया, श्री आशुतोश दुबे, श्री सवेसिंह चौहान, श्री दैवेशसिंह तोमर, श्रीमती मीना डावर एवं समस्त नपा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दो दिवसीय म.प्र. राज्य मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि मेले का शुभांरभ

**धार। जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिह मेडा एवं अशोक डावर सभापती कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत धार की उपस्थिति में दो दिवसीय म.प्र. राज्य मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि मेले का जे.एम.डी. पेलेस त्रिमूर्ती नगर धार में शुभारम्भ किया गया।**




श्री मेडा द्वारा दो दिवसीय कृषि मेले के शुभारम्भ अवसर पर प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना के बारे मे जानकारी देते हुये बताया कि सरकार ने कृषको के कल्याण हेतु कृषि संबंधित योजनाये प्रारंभ की, जिसका लाभ जिले के कृषको को मिल रहा है। श्री डावर सभापती कृषि स्थाई समिति द्वारा कृषि विभाग द्वारा आयोजित मेले कि सराहना करते हुये मेले में उपस्थित कृषको को कृषि वैज्ञानिक द्वारा बतायी जा रही फसलो कि उन्नत तकनिक को अपनाकर फसलो के उत्पादन बढाने संबंधित जानकारी को अमल करने के संबंध में चर्चा की। उप संचालक कृषि श्री ज्ञानसिंह मोहनिया द्वारा कृषि मेले मे मिलेट्स फसलों (कोदो, कुटकी, सवां, ज्वार, बाजरा एवं रागी) का क्षेत्र विस्तार कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढाने, मिलेट्स फसलों की उन्नत नवीन उत्पादन तकनीक के बारे मे चर्चा की। साथ हीं मिलेट्स फसलो के मूल्य संवर्धन स्थापित करने संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ प्रसंस्करण, विपणन गतिविधियों को बढावा देने हेतु कृषकों, प्रसंस्करणकर्ताओं, युवा उद्मियों एवं एफ.पी.ओ. को जोडने तथा मोटे अनाज को बढावा दिये जाने हेतु जिला स्तरीय मिलेट्स मेला के उदेश्य के बारे मे जानकारी प्रदान की। कृषि मेले में तकनिकी सत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र धार एवं मनावर के वैज्ञानिको द्वारा मिलेट फसलो के लिये फसल कि बोवाई से लेकर कटाई तथा प्रसंस्करण के बारे तक जानकारी प्रदान कि व मिलेट फसलो से बनने वाले व्यंजन एवं स्वास्थ के लिये गुणकारी विशंषताओ में बारे मे चर्चा की एवं मृदा की उर्वरता को बनाये रखने के लिये फसलो मे पोषक तत्वो की आवश्यकता एवं उनके भूमी मे उपलब्धता के संबंध में मिटटी परीक्षण के बारे मे चर्चा की गई। साथ ही प्रगतिशिल कृषको द्वारा फसल उत्पादन के संबंध में अपने अनुभव साझा किये गये। कृषि मेले में कृषि एवं संबंद्ध विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी द्वारा उन्नत कृषि यंत्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, किसान उत्पादक संगठन, उर्वरक एवं किटनाशक कंपनी, एन.जी.ओ. एकिकृत किट प्रबंधन संबंधि, एवं बायो एग्री इनपुट प्रोडक्ट संबंधि इस प्रकार कुल 29 कृषि प्रदर्शिनी लगाई गई। जनप्रतिनिधि एवं कृषको द्वारा प्रदर्शिनियो का भ्रमण कर उन्नत तकनिकी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

दो दिवसीय कृषि मेले का समापन श्रीमति सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार के आतिथ्य मे 30 मार्च 2025 को किया जावेगा। कृषि मेले मे रमेश भूरीया जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र मण्डलोई उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धार, राजेन्द्र शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष किसान संघ,, परियोजना संचालक आत्मा उप संचालक उधानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण उप संचालक पशुपालन, सहायक संचालक मत्स्य पालन, कृषि विज्ञान केन्द्र धार एवं मनावर के कृषि वैज्ञानिक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सहायक कृषि अभियंत्री, सहायक संचालक कृषि, अनुविभागीय अधिकारी कृषि, किसान उत्पादक संगठन कृषि आदान संस्थाओ के प्रतिनिधि, मैदानी अधिकारी / कर्मचारी एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रो के कृषक लगभग 800 कृषक उपस्थित हुये। मच संचालन के.एस. झणिया उप परियोजना संचालक आत्मा व विरेन्द्र जैन सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी द्वारा किया गया एवं श्रीमति संगीता तोमर सहायक संचालक कृषि द्वारा उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी / कर्मचारी, निजी संस्थाओ के प्रतिनिधि एवं कृषको का आभार व्यक्त किया गया।

# पीएम मोदी के मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक - सावित्री ठाकुर

## पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में स्वस्थ रहने के लिए आर्युवेद और योग को अपनाने की अपील की



धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम का 120 वां एपिसोड का सीधा प्रसारण रविवार को जिले के सभी मंडल प्रभारी एवं जिला पदाधिकारियो 18 मंडलों के अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रमुख रूप से अनेक बूथों पर देखा व सुना गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि धार जिला मुख्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल व बूथ नम्बर 107 पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का श्रवण किया। हिंदू नववर्ष के अवसर पर अतिथियों ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक है। मन की बात प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम तो है ही साथ देश भर के अनेक नवाचार को आत्मसात करने का मौका भी देता है तथा एक सफलता की कहानी पेश कर आमजनो को अपने जीवन मे बेहतर करने की प्रेरणा व मार्गदर्शन भी देता है।

वही जिला अध्यक्ष महंत भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के कार्यक्रम में हमारे देश के छोटे-छोटे नेनिहालो को गर्मी की छुट्टियां कैसे बिताना चाहिए जो बच्चो के लिए प्रेरक है तथा कृष्ण कमल के फूल का जिक्र भी किया साथ ही खेलो इंडिया के बारे में युवाओं को मार्गदर्शन दिया तथा जल संरक्षण के लिए अपने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि उन्हें मन की बात का प्रत्येक एपिसोड देखना चाहिए ताकि देश के प्रत्येक विषय की जानकारी मिले व हमारा ज्ञानवर्धन भी होगा। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश अग्रवाल रॉकी आहूजा बूथ अध्यक्ष मुन्नालाल कौशल विक्रम बाला रौंदले सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।